University in News on 10 March 2024

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

50 की उम्र वाले भी रोजगार की दौड़ में

लखनऊ विश्वविद्यालय में लगे कौशल महोत्सव रोजगार मेले के पहले दिन अभ्यर्थियों में दिखा जोश

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में शनिवार को दो दिवसीय कौशल महोत्सव रोजगार मेले की शुरुआत हुई। मेला सुबह आठ बजे से शुरू होना था लेकिन चार घंटे पहले से ही अभ्यर्थियों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थीं। इन कतारों में 18 साल से लेकर 50 साल से अधिक उम्र वाले लोग भी नजर आए।

मेले का शुभारंभ संयोजक भाजपा नेता नीरज सिंह ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह महोत्सव रोजगार के लिए एक बहुत बड़ा अवसर लेकर आया है। उन्होंने कहा कि देश की लगभग 100 बड़ी कंपनियों की ओर से 20 हजार से अधिक पदों पर अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। कहा, पिछली बार आयोजित रोजगार मेले में पांच हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिला था। उन्होंने बताया कि दूसरे दिन मेले में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक शामिल होंगे।

लविवि के खेल परिसर में कौशल महोत्सव में रोजगार के लिए पहुंचे हजारों अभ्यर्थी। संवाद

रोजगार मेले में अभ्यर्थियों से बातचीत करते भाजपा नेता नीरज सिंह। संवाद

लखनऊ के सुमित श्रीवास्तव और पंकज वर्मा बचपन से ही दिव्यांग हैं, वे बेहतर भविष्य की आस में लविवि में लगे रोजगार मेले में पहुंचे। संवाद

पहले दिन 8500 से अधिक युवाओं ने किया प्रतिभाग

अमेजॉन, एज़ो, जिओ, एसबीआई कार्ड बजाज, कैपिटल, फ्लिपकार्ट एक्सिस बैंक, हुंडई मोटर, डीजेओ, डोमिनोज, लुलु हंडिया ऑपिन मॉल, पेक्स लाइफ क्वेरम फाइनेंस, बी-मार्ट जैसी कंपनियों ने प्रतिभाग किया। एनएसडीसी के अनुसार, पहले दिन 8500 से अधिक युवाओं ने प्रतिभाग किया। इनमें 5541 का पंजीकरण जबकि 2748 से अधिक उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया गया। एमबीए, आईटीआई, ग्रेजुएट, इंटर व हाईस्कूल रैंथिक योग्यता वाले युवाओं ने पंजीकरण कराया।

■ किसी का साक्षात्कार लेकर वापस किया गया तो किसी से कहा कि फोन पर देंगे जानकारी

रोजगार मेले में शामिल लखनऊ निवासी रितु सिंह के पास एमकॉम का डिग्री थी। रितु ने इंश्योरेंस कंपनी में नौकरी करने के लिए तीन निजी कंपनियों में प्रतिभाग किया। बताया कि कुछ ने साक्षात्कार लेकर वापस किया तो किसी ने फोन पर जानकारी देने की बात कही। लखनऊ से तरुन मिश्रा ने बताया कि रजिस्ट्रेशन के दौरान यह जानकारी मिली है कि 15 हजार रुपये प्रति माह वेतन मिलेगा, लेकिन यहां आने पर बताया गया कि 10 हजार ही मिलेगा। बरेली के प्रवेश, आजमगढ़ के सौरभ व लखनऊ की स्नेहा सहित अन्य युवाओं को तय योग्यता के अनुसार नौकरी न मिलने पर निराश होकर लौटना पड़ा।

प्लेसमेंट ड्राइव 18 व 19 को विप्रो, भारती एयरटेल भी आएंगी

लखनऊ। लविवि के छात्रों के लिए विप्रो और भारती एयरटेल जैसी नामी कंपनियों में नौकरी का मौका है। अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के की ओर से प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन होगा। आवेदन करने की अंतिम तिथि 12 मार्च है।

प्लेसमेंट प्रभारी डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि विप्रो एचआर सर्विसेज प्रा. लि. कंपनी में कस्टमर सर्विस रिप्रेजेंटेटिव पद पर 3.08 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज के लिए बीबीए, बीसीए, बीकॉम, बीए, बीएचएम, बीजेएमसी और बीएससी (गणित ऑनर्स, सांख्यिकी ऑनर्स, अर्थशास्त्र ऑनर्स, बीएससी-कंप्यूटर साइंस और बीएससी-आईटी को छोड़कर) के छात्र-छात्राएं नीचे दिए गए लिंक forms.gle/GUKKMFdKtFAmrBaQ6 पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। विप्रो में तीसरे चरण के लिए रिक्रूटमेंट ड्राइव का आयोजन 18 व 19 मार्च को लविवि के अभियांत्रिकी संकाय में किया जाएगा। वहीं भारती एयरटेल में एग्जीक्यूटिव ट्रेनी के पद पर 4.5 लाख पैकेज के लिए एमबीए की छात्राएं दिए गए लिंक gle/YqeVD7TLeXDVZveq6 पर जाकर आवेदन कर सकती हैं। (माई सिटी रिपोर्टर)

संस्कृति भी साथ ले जाते हैं विदेशी विद्यार्थी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थी सलाहकार प्रो. आरपी सिंह ने कहा कि शिक्षा सांस्कृतिक आदान-प्रदान का भी बेहतर माध्यम है। एक देश में जब कोई विदेशी विद्यार्थी पढ़ाई के लिए आता है तो डिग्री के साथ ही यहां की सांस्कृतिक विरासत भी अपने साथ ले जाता है। वे लविवि में शनिवार को हुए इंटरनेशनल माइंड्स कॉन्क्लेव में बोल रहे थे। आयोजन वर्ल्ड ऑर्गनाइजेशन ऑफ स्टूडेंट्स एंड यूथ -लखनऊ चैप्टर की ओर से किया गया। आईआईएम लखनऊ के प्रो. यश दौलतानी ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से विद्यार्थियों को अपनी शैक्षणिक प्रोफाइल बढ़ानी चाहिए। इससे उनके पास नौकरी के मौके बढ़ेंगे। डॉ. सहाना नागराज ने भी संबोधित किया। (माई सिटी रिपोर्टर)

लविवि में भौतिकी क्रियाओं पर हुई चर्चा

लखनऊ। लविवि के भौतिकी विभाग की ओर से भौतिकी क्रियाओं पर कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में सीएसआईआर-सीएसआईओ चंडीगढ़ के पूर्व निदेशक प्रो. एस. अनंत रामकृष्ण मौजूद रहे। लेबल-मुक्त माइक्रोस्कोपी से लेकर लेजर और एलाज्मा इंटरैक्शन के भौतिकी तक प्रकाशिकी के विविध उपयोग को दिखाया गया। विभागाध्यक्ष प्रो. ओंकार प्रसाद, विज्ञान संकाय की डीन प्रो. शीला मिश्रा, प्रो. आंचल श्रीवास्तव, प्रो. राजेश कुमार शुक्ल व कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. रोली वर्मा शामिल हुई। (संवाद)

LU: मुख्यद्वार का नाम होगा 'विवेकानंद'

■ एनबीटी संवाददाता, लखनऊ

एलयू के नवनिर्मित गेट नंबर तीन (मुख्य द्वार) का नाम विवेकानंद रखा गया है। इसका उद्घाटन 12 मार्च को राज्यपाल करेंगी। इसके साथ गोमती व सरयू अपार्टमेंट का भी लोकार्पण होगा। एलयू वीसी प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में शनिवार को बैठक में यह फैसला किया गया।

राज्यपाल 12 मार्च को करेंगी उद्घाटन

एलयू में हुई मीटिंग में मुख्य रूप से रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी, पीएम-ऊषा समन्वयक प्रो. केया पांडेय समेत मौजूद रहे। वीसी ने बताया कि कर्मचारियों के लिए गोमती व सरयू अपार्टमेंट तैयार हो गए हैं। एलयू के प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि गोमती अपार्टमेंट 9 और सरयू 4 मंजिला है।

NBT PAGE 5

बीसीए, बीबीए का सिलेबस बदलेगा

एलयू में AICTE करिकुलम के अनुसार बनेगा पाठ्यक्रम

■ एनबीटी संवाददाता, लखनऊ लखनऊ विश्वविद्यालय (एलयू) में बीसीए और बीबीए के सिलेबस में बदलाव किया जाएगा। अब एआईसीटीई के करिकुलम के हिसाब से सिलेबस बनाया जाएगा।

दरअसल, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) की ओर से स्नातक स्तर पर प्रबंधन पाठ्यक्रमों को संचालित करने वाले विश्वविद्यालयों, संस्थानों और कॉलेजों को करिकुलम दिया जाएगा। जिसके आधार पर बीबीए, बीसीए और बीएमएस पाठ्यक्रमों को संचालित किया जाएगा।

वहीं शिक्षकों को प्रशिक्षण और स्टूडेंट्स को इंटर्नशिप की भी सुविधा मिल सकेगी। इस संबंध में यूजीसी की ओर से देश के सभी विश्वविद्यालयों और संस्थानों को पत्र जारी किया गया है। एलयू प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव का कहना है कि यूजीसी की ओर से पत्र प्राप्त हो गया है।

शोध कार्यों में एआई निभाएगा अहम भूमिका

■ एनबीटी सं., लखनऊः एलयू के एप्लाइड इकोनॉमिक्स विभाग की ओर से प्रो. बीएन लेक्चर सीरीज के तीसरे व्याख्यान में बीबीएयू के सूचना विज्ञान विभाग के सहायक प्रफेसर डॉ. विनीत ने एआई आधारित उपकरण को युवा शोधार्थियों के लिए सहायक बताया।

LU स्टूडेंट्स को एआई और डिजिटलाइजेशन में बनाएगा निपुण

■ एनबीटी संवाददाता, लखनऊ : एलयू में स्टूडेंट्स को एआई और डिजिटलाइजेशन में निपुण बनाया जाएगा। एलयू वीसी प्रो.आलोक कुमार राय ने बताया कि यूजीसी ने देश के सभी विश्वविद्यालयों को युवामंथन गतिविधियों के लिए समन्वयक नियुक्त के निर्देश दिए थे। जिसके तहत एप्लाइड इकोनॉमिक्स की प्रो. मधुरिमा लाल को समन्वयक नियुक्त किया गया है।

'एआई से अकेडमिक पोर्टफोलियो बनाएं'

■ एनबीटी संवाददाता, लखनऊ। एआई के जरिए हम आधुनिकता के साथ अपने अकेडमिक पोर्टफोलियो को भी विकसित कर सकते हैं। करियर में जॉब के साथ-साथ स्टार्टअप के रूप में बिजनेस भी शुरू कर सकते हैं। ये बातें आईआईएम लखनऊ के प्रो. यश दौलतानी ने शनिवार को एलयू में कहीं। वे यहां वर्ल्ड ऑर्गेनाइजेशन ऑफ स्टूडेंट्स एंड यूथ (वूसी) की ओर से आयोजित इंटरनेशनल माइंड्स कॉन्क्लेव में बोल रहे थे।

HINDUSTAN PAGE 7

अकादमिक पोर्टफोलियो में एआई से लाएं आधुनिकता

लखनऊ, संवाददाता। एआई के जरिए हम आधुनिकता के साथ अपने एकेडमिक पोर्टफोलियो को विकसित कर सकते हैं। करियर में जॉब के साथ-साथ स्टार्टअप के रूप में बिजनेस भी शुरू कर सकते हैं। यह बातें आईआईएम लखनऊ के प्रो. यश दौलतानी ने कही। वह एलयू में आयोजित इंटरनेशनल माइंड्स कॉन्क्लेव में मुख्य वक्ता रहे।

लखनऊ विश्वविद्यालय के चाणक्य सभागार में वर्ल्ड ऑर्गनाइजेशन ऑफ स्टूडेंट्स एंड यूथ (वूसी) की ओर से शनिवार को इंटरनेशनल माइंड्स कॉन्क्लेव हुआ। इसमें अंतरराष्ट्रीय छात्रों ने प्रतिभाग किया। प्रथम सत्र में आईआईएम के प्रो. यश दौलतानी ने अगला कदमः अकादमिक पोर्टफोलियो बनाने के लिए

15 देशों के विद्यार्थियों ने इंटरनेशनल माइंड्स कॉन्क्लेव में भाग लिया

अपने करियर पथ और रणनीतियों को नेविगेट करना पर वक्तव्य दिया। दूसरे सत्र में अपोलोमेडिक्स की मनोविज्ञान चिकित्सक डॉ. सहाना नागराज ने कल्याण, मानसिक स्वास्थ्य और सही दृष्टिकोणः अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के लिए मुकाबला रणनीतियां पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि दूसरे देशों से यहां पढ़ने आए छात्र संस्कृति के हिसाब से ढ़ल कर चिंता और तनाव से छुटकारा पा सकते हैं। वूसी अवध प्रांत संयोजक शिवांकन वाजपेई, वाइस चेयरमैन नंदिनी जूमक, रोहुल्ला, उमर अहमद, शहाना समेत कई अंतरराष्ट्रीय छात्र उपस्थित रहे।

एलयू में बीसीए और बीबीए के सिलेबस में होगा बदलाव

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में अब बीसीए और बीबीए के सिलेबस में बदलाव करने की तैयारी है। इसे अब एआईसीटीई के करिकुलम के हिसाब से बनाया जाएगा। जिससे छात्रों को कई तरह की सुविधाएं भी मिल सकेंगी।

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) की ओर से अब स्नातक स्तर पर प्रबंधन पाठ्यक्रमों को संचालित करने वाले विश्वविद्यालयों, संस्थानों और कॉलेजों को करिकुलम दिया जाएगा। जिसके आधार पर बीबीए, बीसीए और बीएमएस जैसे पाठ्यक्रमों का संचालन होगा। इसके अलावा शिक्षकों के प्रशिक्षण और छात्रों के इंटर्नशिप की भी सुविधा मिल सकेगी। इस संबंध में यूजीसी की ओर से विश्वविद्यालयों और संस्थानों को पत्र जारी किया गया है। जिसके मद्देनजर एलयू में भी बीसीए और बीबीए के पाठ्यक्रम में बदलाव होगा।

प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव का कहना है कि यूजीसी की ओर से पत्र प्राप्त हो गया है। एआईसीटीई का करिकुलम अंतरराष्ट्रीय स्तर का है। इससे हमारे छात्रों को अधिक लाभ पहुंचेगा।

मैनेजमेंट और स्नातक छात्रों के पास नौकरी का अवसर

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों के पास बड़ी कंपनियों में नौकरी और इंटर्नशिप करने का मौका है। आवेदन करने की अंतिम तारीख 12 मार्च तय कर दी गई है।

एलयू के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के प्लेसमेंट सेल की ओर से जल्द ही रिक्रूटमेंट ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। इसे मुख्य तौर पर भारती एयरटेल और विप्रो एचआर कंपनी में प्लेसमेंट के लिए आयोजित किया जा रहा है। प्लेसमेंट प्रभारी डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि भारती एयरटेल कंपनी में एग्जीक्यूटिव ट्रेनी के पद पर 4.5 लाख प्रतिवर्ष पैकेज के लिए एमबीए के छात्र जारी लिंक पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

■ भारती एयरटेल, विप्रो में नौकरी का अवसर

■ 12 मार्च तक आवेदन करने का अंतिम मौका

विप्रो एचआर में प्रबंधन और स्नातक छात्रों के लिए नौकरी का मौका है।

एलयू: मधुरिमा लाल समन्वयक बनीं

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्रों को एआई और डिजिटलाइजेशन के क्षेत्र में निपुण किया जाएगा। भाषण व वाद-विवाद और नागरिकता के मूल्यों की स्किल्स सिखाई जाएगी। इसके लिए कुलपति ने प्रो. मधुरिमा लाल को समन्वयक नियुक्त किया है।

यूजीसी की ओर से विश्वविद्यालयों को युवामंथन गतिविधियों के लिए समन्वयक नियुक्त करने के निर्देश थे। जानकारी के अनुसार इसके मद्देनजर एप्लाइड इकोनॉमिक्स की वरिष्ठ शिक्षिका प्रो. मधुरिमा लाल को समन्वयक नियुक्त किया गया है। इस संबंध में कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने पत्र जारी कर दिया है।

लखनऊ विश्वविद्यालय में कौशल महोत्सव रोजगार मेले का आयोजन किया गया

रोजगार मेले में लगी लंबी कतार

i-NEXT PAGE 4

एलयू में अब पढ़ाया जाएगा वीर सावरकर का दर्शन

बीए राजनीति विज्ञान छठे सेमेस्टर में शामिल किया गया इनका राजनीतिक चिंतन और दर्शन

LUCKNOW(9 MARCH): लखनऊ विश्वविद्यालय का राजनीति विज्ञान विभाग अब कोर्स में क्रांतिकारी, स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर और भारतीय समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले के राजनीतिक चिंतन व दर्शन के बारे में भी पढ़ाएगा. इसके लिए विभाग ने बीए. छठे सेमेस्टर में इंडियन पालिटिकल थाट्स पेपर में इन्हें शामिल किया है. यह कोर्स बोर्ड आफ स्टडीज, फैकल्टी बोर्ड सहित सभी जगह से पास हो चुका है.

बताए जाएंगे राष्ट्रवाद के विचार

अभी तक राजनीति विज्ञान विभाग बीए. छठे सेमेस्टर में मनु कौटिल्य, भीष्म और शुक्र, जय प्रकाश नारायण, नेहरू, महात्मा गांधी सहित कई प्रमुख लोगों की राजनीतिक विचारधारा आदि के बारे में पढ़ाता है. अब इंडियन पालिटिकल थाट्स में वीर सावरकर और महात्मा ज्योतिबा फुले को भी शामिल कर लिया गया है. राजनीति विज्ञान विभाग की प्रमुख प्रोफेसर मनुका खन्ना ने बताया कि कोर्स के जरिए स्टूडेंट्स को वीर सावरकर का राजनीतिक दर्शन, देश, राज्य, सरकार और राष्ट्रवाद पर उनके विचार, समर्पण, आजादी की लड़ाई में उनका योगदान आदि के बारे में पढ़ाया जाएगा.

ले सकेंगे विशेषज्ञता

एमएससी. जंतु विज्ञान विभाग तीसरे सेमेस्टर और चौथे सेमेस्टर के स्टूडेंट्स अब आणविक (मालीकुलर) आनुवंशिकी में विशेषज्ञता भी हासिल कर सकेंगे. विभाग के प्रोफेसर एम. सेराजुद्दीन ने बताया कि अभी तक पैरा साइटोलाजी, एंटोमोलाजी, फिश एंड फिशरीज तथा एंडोक्राइनोलाजी में विद्यार्थी विशेषता लेते हैं.

फिर बदला नाम

समाज शास्त्र विभाग ने एमए. तीसरे सेमेस्टर के पेपर में इंडिक्स स्टडी शीर्षक में फिर से बदलाव कर दिया है. विभागाध्यक्ष प्रो. डीआर साहू ने बताया कि पहले इसका नाम हिंदू सोशल थ्योरी था, इसका फिर से यही शीर्षक कर दिया गया है. बोर्ड आफ स्टडीज से यह पास हो गया है.

सावरकर और ज्योतिबा फुले के बारे में भी पढ़ेंगे विद्यार्थी

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय का राजनीति विज्ञान विभाग अब पाठ्यक्रम में क्रांतिकारी, स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर और भारतीय समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले के राजनीतिक चिंतन व दर्शन के बारे में भी पढ़ाएगा। इसके लिए विभाग ने बी.ए. छठे सेमेस्टर में इंडियन पालिटिकल थाट्स पेपर में इन्हें शामिल किया है। यह कोर्स बोर्ड आफ स्टडीज, फैकल्टी बोर्ड सहित सभी जगह से पास हो चुका है।

अभी तक राजनीति विज्ञान विभाग बी.ए. छठे सेमेस्टर में मनुकौटिल्य, भीष्म और शुक्र, जय प्रकाश नारायण, नेहरू, महात्मा गांधी सहित कई प्रमुख लोगों की राजनीतिक विचारधारा आदि के बारे में पढ़ाता है। अब इंडियन पालिटिकल थाट्स में वीर सावरकर और महात्मा ज्योतिबा फुले को भी शामिल कर लिया गया है। राजनीति विज्ञान विभाग की प्रमुख प्रोफेसर मनुका खन्ना ने बताया कि पाठ्यक्रम के जरिए छात्र-छात्राओं को वीर सावरकर का राजनीतिक दर्शन, देश, राज्य, सरकार और राष्ट्रवाद पर उनके विचार, समर्पण, आजादी की लड़ाई में उनका योगदान आदि के बारे में पढ़ाया जाएगा। उनके माफीनामे की स्पष्टता को भी बताया जाएगा। इसके अलावा कोर्स में महात्मा ज्योतिबा फुले के राजनीतिक चिंतन, उनके विचार को भी शामिल किया गया है, जिसे बी.ए. छठे सेमेस्टर में शुरू किया जाएगा।

फिर बदला नाम : समाज शास्त्र विभाग ने एम.ए. तीसरे सेमेस्टर के पेपर में इंडिक्स स्टडी शीर्षक में फिर से बदलाव कर दिया है। विभागाध्यक्ष प्रो. डीआर साहू ने बताया कि पहले इसका नाम हिंदू सोशल थ्योरी था, इसका फिर से यही शीर्षक कर दिया गया है। बोर्ड आफ स्टडीज से यह पास हो गया है।

मालीकुलर जेनेटिक्स में ले सकेंगे विशेषज्ञता : एम.एससी. जंतु विज्ञान विभाग तीसरे सेमेस्टर और चौथे सेमेस्टर के छात्र-छात्राएं मालीकुलर आनुवंशिकी में विशेषज्ञता भी हासिल कर सकेंगे। विभाग के प्रोफेसर एम. सेराजुद्दीन ने बताया कि अभी तक पैरा साइटोलाजी, एंटोमोलाजी, फिश एंड फिशरीज तथा एंडोक्राइनोलाजी में विद्यार्थी विशेषता लेते हैं। अब मालीकुलर जेनेटिक्स को भी शामिल किया गया है। इसमें ह्यूमन जेनेटिक बीमारी से लेकर सभी चीजें पढ़ाई जाएंगी।

JAGRAN CITY PAGE III

युवाओं को मिला नौकरी का उपहार, आज राजनाथ सिंह देंगे नियुक्ति पत्र

97 कंपनियों ने 8,500 युवाओं को दिए अवसर, भाजपा नेता नीरज सिंह ने की कौशल महोत्सव की शुरुआत, बोले-युवाओं को आगे बढ़ा रही सरकार

जासं, लखनऊः डोमिनोज की एचआर प्रिया गांगुली ने 50 युवाओं का साक्षात्कार लिया और चयनित राजेश को 12,500 प्रतिमाह वेतन का आफर दिया। दिव्यांग जितेंद्र कुमार को सौभाग्य फाउंडेशन ट्रस्ट के माध्यम से काल सेंटर पर 10 हजार की नौकरी मिली तो उनका चेहरा खिल उठा। कानपुर के अतिथि को ट्रस्ट के अमित मेहरोत्रा ने 28 हजार के पैकेज वाला आफर लेटर दिया तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं था। महोत्सव में 50 से अधिक दिव्यांगों का साक्षात्कार लिया गया और 50 को उनकी योग्यता और कार्य क्षमता के अनुरूप नौकरी दी गई।

आजमगढ़ से आए अदनान को लुलु माल में सेल्समैन की नौकरी मिली और उन्होंने सरकार का धन्यवाद किया। तीन साल से नौकरी की तलाश पूरी होने पर वह काफी खुश थे। इंडिगो के स्टाल पर युवाओं की सर्वाधिक भीड़ नजर आई। हालांकि, कंपनी के लोगों ने चयन के बारे में कुछ भी नहीं बताया, लेकिन चयनित हुए राकेश यादव ने बताया कि स्नातक हूं और नौकरी की तलाश कर रहा था। एयरपोर्ट सर्विस के लिए साक्षात्कार तो हो गया, लेकिन नियुक्त पत्र रविवार को मिलेगा। इससे पहले भाजपा नेता नीरज सिंह ने महोत्सव की शुरुआत की और युवाओं के साथ ही कंपनियों के प्रतिनिधियों से भी बात की। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को आगे बढ़ा रही है। कौशल महोत्सव उसी का हिस्सा है।

उन्होंने गुड़गांव की कंपनी में चयनित बाराबंकी के दिव्यांग दीपक यादव व लुलु माल में चयनित दिव्यांग आसमा बानो से बात की। दिव्यांगों ने कहा कि रोजगार देने की कौशल महोत्सव की पहल सराहनीय है। रविवार को सुबह आठ से दो बजे तक साक्षात्कार होगा और फिर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक चयनित युवाओं को नियुक्तिपत्र वितरित करेंगे। आटोमोबाइल, आइटी, इंश्योरेंस व मार्केटिंग सेक्टर के साथ ही बैंकिंग समेत 20 सेक्टरों की 97 कंपनियों ने साक्षात्कार लिया। राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के मीडिया कोआर्डिनेटर विनय द्विवेदी ने बताया कि 36,593 युवाओं ने आनलाइन पंजीयन कराया है। पहले दिन 8,500 युवाओं ने साक्षात्कार में हिस्सा लिया। इनमें 2,748 युवाओं को शार्टलिस्ट किया गया। रविवार को भी साक्षात्कार होंगे।

लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित लखनऊ कौशल महोत्सव में नौकरी के लिए लाइन में लगे युवा • जागरण

गुड़गांव की कंपनी में चयनित बाराबंकी के दिव्यांग दीपक यादव और लुलु माल में चयनित दिव्यांग आसमा बानो से बात करते भाजपा नेता नीरज सिंह • जागरण

दो कंपनियों में प्लेसमेंट के लिए आवेदन 12 तक

लविवि के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के प्लेसमेंट सेल की ओर से विप्रो एवं भारती एयरटेल कंपनी में कैंपस के विद्यार्थियों के लिए रिक्रूटमेंट ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए 12 मार्च तक आवेदन लिए जा सकेंगे। विप्रो एचआर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में कस्टमर सर्विस रिप्रेजेंटेटिव पद पर छात्र-छात्राएं लिंक https://forms.gle/GUKKMFdKtFAmrBaQ6 पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। चयनित विद्यार्थियों को 3.08 लाख प्रति वर्ष का पैकेज मिलेगा। विप्रो के तीसरे चरण के लिए रिक्रूटमेंट ड्राइव का आयोजन 18 एवं 19 मार्च को लविवि के अभियांत्रिकी संकाय में होगा। भारती एयरटेल में एग्जीक्यूटिव ट्रेनी के पद पर 4.5 लाख प्रतिवर्ष पैकेज के लिए एम.बी.ए की छात्राएं लिंक https://forms.gle/YqeVD7TLeXDVZveq6 पर आवेदन कर सकती हैं।

TOI PAGE 3

LU plans upgrade with ₹100cr PM-USHA grant

Funds To Be Used For Infra And Research

Mohita.Tewari@timesgroup.com

Lucknow: Lucknow University plans to upgrade into a research and multi-disciplinary education University thanks to Rs 100 crore it will receive under the Pradhan Mantri Uchchatar Shiksha Abhiyan (PM-USHA).

LU has decided to utilise 50% funds to strengthen the research ecosystem of the university while the remaining 50% will be used to ensure availability of all required infrastructure on the campus for students to avail of multi-disciplinary education.

Talking to TOI on Saturday, LU vice-chancellor Alok Kumar Rai shared the action plan for the PM-USHA fund utilisation as and when the university gets the grant in a phase-wise manner on completion of the proposed project.

"Our prime focus is on developing a centralised research facility on the campus which will be divided broadly into three sections: life sciences research, physical sciences research and technical research," said LU VC Prof Alok Kumar Rai.

He said under strengthening our research we also plan to develop a cluster-computing facility where all information and technology-related work could be carried out, making e-software for bioinformatics, statistics, economics and others available in our library so that respective departments can carry out research. We also aim at 100% Wi-fi campus with the help of this fund.

Rai said the second aspect on which we are focusing is making the university a multidisciplinary education-imparting institution for which we will be strengthening our infrastructure by revamping our undergraduate and postgraduate classrooms mainly in the Arts Quadrangle/Canning College which is over 100 years old building, revamp of historical Lal Baradari located in the heart of the campus and our teacher's quarter which are in very bad shape at present, he added.

"Also, a five-storey lecture theatre building is proposed at the back of the university's Atal block. This five-storey building is proposed in the sprawling 30,000 square feet of land. There is a desperate need for lecture theatre buildings on campus which will enable the university to hold big national level examinations, conferences, conclaves, academic events and others," said Rai. He said the lecture theatre building will have 25 conference rooms with a seating capacity of 100 each. Also, our sports infrastructure will be given a further push by making new tracks and courts for athletes and players.

HOW LU PLANS TO SPEND FUNDS

Research university plan includes
- Centralised research facility
- Cluster computing facility
- 100% wi-fi campus
- Advanced software for research in different streams

Multidisciplinary education-imparting institution plan includes
- Five-storeyed lecture theatre building
- New sports tracks & volleyball/basketball courts

Revamp and renovation of
- UG & PG classrooms
- Renovation of over 100 years old Arts Quadrangle/Canning College building
- Teachers' apartment
- Lal Baradari

LU qualified with high score

Around two weeks back, LU was picked up for a Rs 100-crore grant with 25 other universities under the PM-USHA scheme. LU scored the highest 585 out of 650 in the test of parameters for the grant. In all, UP universities received the maximum grant of Rs 740 crore.

VOICE OF LUCKNOW PAGE 4

प्रो. मधुरिमा लाल बनी युवा मंथन की समन्वयक

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोककुमार राय ने विश्वविद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका प्रो. मधुरिमा लाल को यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन (यूजीसी) न्यू दिल्ली ने प्रदत्त युवा मंथन जी 20 के समन्वयक के पद पर नियुक्त किया। इस योजना के तहत तीन चरणों में युवाओं के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जो युवा मंथन यूनाइटेड नेशंस जिसने बाद विवाद और स्पीच संवर्धन स्किल्स किये जायेंगे। दूसरे चरण में युवा मंथन हेचथोर्न जिसने डिजिटलाइजेशन एवं एआई स्किल्स संवर्धन होगा और तीसरे चरण में युवा मंथन पार्लियामेंट्री स्किल्स होगा जो युवाओं में नागरिकता के प्रति जागरूकतावर्धन करावेगा। प्रो मधुरिमा लाल पहले से यूनिवर्सिटी का प्लेसमेंट, सांस्कृतिक, मिशन शक्ति एवं रोजगार पीठ का बड़ी रिकॉर्ड ब्रेकिंग तरीके से उत्तरदायित्वों का निर्वहन कर रही है। प्रो. लाल ने कहा कि कुलपति द्वारा दी गयी इस ज़िम्मेदारी का निर्वहन वे पूरी निष्ठा से करेंगी एवं इस गौरवमयी पद के लिए वे कुलपति की सदैव आभारी रहेंगी।

PIONEER PAGE 4

NEW EDUCATION POLICY

The department of geology, Lucknow University, organised a one-day workshop on the impact of New Education Policy, 2020 in UP government-funded universities. The programme was attended by faculty members, research scholars, and undergraduate & postgraduate students. Lectures were delivered by experts in the field. The workshop was sponsored by ICSSR, which was part of a short-term research project to evaluate the impact analysis of NEP-2020 in UP universities. The experts emphasised the significance of NEP-2020,